Bharat Temples

भटकते रहेंगे हम तो होके बावरे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।।

तेरे भरोसे हमने ये जग छोड़ा,
हे निर्मोही हमसे क्यों मुख मोड़ा,
विरहा जला ना डाले बन आग रे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।।

तुमने बुलाया हमें बंसी बजाके,
हम चली आई कितने सपने सजाके,
नटखट कन्हैया ऐसे मत भाग रे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।।

हम हैं तुम्हारे मोहन तू ही हमारा है,
तेरा ही सहारा हमको तेरा ही सहारा है,
श्याम शरण में ले ले यही भाव रे,
तेरे बिन जाए कहां ओ सांवरे।।

भटकते रहेंगे हम तो होके बावरे,
तेरे बिन जाये कहां ओ सांवरे।।

स्वर श्री श्रीजी महाराज।
प्रेषक विजय कुमार वर्मा।

मुरादाबाद।

Source: https://www.bharattemples.com/bhatakte-rahenge-hum-to-hoke-baware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw